# नव भारत


4 शेख हसीना को कब तक भारत का संरक्षण


5 पेशेवर सेना नुकसान से नहीं घबराती


8 इस बार विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे किर्गियोस


9 सख्ती से पकड़ें तस्करी नेटवर्क : सीतारमण

# एक तहसील, दो तहसीलदार

## पचमढ़ी में कैबिनेट — एक राजस्व तो दूसरा लॉ एंड आर्डर संभालेंगे

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 3 जून. प्रदेश के तहसीलों में अब तक केवल एक ही तहसीलदार पदस्थ होते रहे हैं, जिन पर काम का बोझ लगातार बना रहता था, उनके कंधे पर राजस्व न्यायालय संभालने की जिम्मेदारी तो थी ही, लॉ एंड ऑर्डर भी देखना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. तहसीलों में एक नहीं बल्कि अब दो तहसीलदार पदस्थ होंगे. एक तहसीलदार जहां पूरी तरह राजस्व से जुड़े मामले देंखेंगे और राजस्व न्यायालय संभालेंगे, वहीं दूसरे तहसीलदार को प्रोटोकॉल, लॉ एंड आर्डर के साथ ही सर्वे आदि की जिम्मेदारी दी जाएगी. इसी तरह नायक तहसीलदार को भी अलग- अलग जिम्मेदारी दी जाएगी. इससे मैदानी स्तर पर राजस्व के कामों में तेजी आने की संभावना है.**



कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव पर स्वीकृति की मुहर लगा दी है. कैबिनेट पचमढ़ी स्थित राजभवन में हुई जो कि राजा भभूत सिंह के शौर्य और बलिदान को समर्पित थी. कैबिनेट ने प्रमुख राजस्व आयुक्त एवं आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालयों का पुनर्गठन करने के प्रस्ताव को भी हरी झंड दे दी है. दोनों कार्यालयों के पुनर्गठन के बाद एकीकृत कार्यालय का नाम कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन होगा, जिसमें एक मुख्यालय एवं एक सहायक मुख्यालय होगा. वर्तमान जरुरतों के मुताबिक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को क्रमशः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार में समायोजित किया गया है. राजस्व विभाग की नई व्यवस्था के लिए विभाग 1200 नए पदों पर भर्ती भी करेगा. आईटी में काम करने वाले विशेषज्ञों की भी नियुक्ति होगी, इससे किसानों को घर बैठे नामांतरण और सीमांकन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी. मप्र इस तरह का बदलाव करने वाला देश का पहला राज्य होगा. कैबिनेट ने छोटे और मध्यम स्तर के संस्थानों और उद्योगों का दायरा बढ़ा दिया है, इससे उनको श्रम कानूनों के पालन से बड़ी राहत मिलेगी. श्रम कानूनों का पालन कराने के नाम पर लेबर इंस्पेक्टर की दबिश से उन्हें मुक्ति मिल जाएगी.

( विस्तृत खबर पेज 12 पर )

### आईआईटी इंदौर में कृषि में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होगा

कैबिनेट ने तकनीकी आधारित कृषि विकास एवं कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार की भावी संभावनाओं को देखते हुए प्रदेश में एग्रीटेक हब, इनोवेशन हब फॉर एग्रीकल्चर परियोजना की स्थापना/संचालन के लिए राज्य शासन की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम को सहभागीदार बनाये जाने का निर्णय लिया है. साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुरूप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इन्दौर को परियोजना की स्थापना के लिए राज्यांश के रूप में वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि रुपये दो करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है.

# 'ट्रंप' के आगे 'नरेंदर सरेंडर'

## बोले राहुल गांधी-भाजपा आरएसएस सरेंडर वाले लोग हैं

**भोपाल, 03 जून. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे सरेंडर ( समर्पण ) करने का तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि वे बीजेपी आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जानते हैं. श्री गांधी यहां प्रदेश कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरूआत करने आए थे. उन्होंने यहां रवींद्र भवन के सभागार में जिला और ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षों के अलावा पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे.**




श्री गांधी ने कहा, बीजेपी आरएसएस वालों को अब मैं अच्छी तरह जानता हूं. इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरके भाग जाते हैं ये लोग. जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा मोदी, क्या कर रहे हो...'नरेंद्र सरेंडर'. और जी हुजूर करके, नरेंद्र मोदी ने, ट्रंप के इशारे का पालन किया. लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री गांधी ने कहा, आपको एक समय याद होगा. जब फोन कॉल नहीं आया था, 'सेवंथ फ्लीट' आयी थी. '71' की लड़ाई में 'सेवंथ फ्लीट' आयी थी, हथियार आए थे. 'एयरक्रॉफ्ट कैरियर' आया था. इंदिरा गांधी ने कहा मुझे जो करना है, वो मैं करूंगी. ये फर्क है. इनका 'कैरेक्टर' है ये, सारे के सारे ऐसे हैं. आजादी के समय से 'सरेंडर वाली चिट्ठी' लिखने की आदत है. एक सेकंड में, थोड़ा सा दबाव पड़े, भैया, ये लो. हां, तो ये इनका 'कैरेक्टर' है. कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है. गांधी, नेहरु, सरदार पटेल ये सरेंडर वाले नहीं, ये 'सुपरपॉवर' से लड़ने वाले लोग हैं. उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस और आरएसएस के लोगों को अच्छी तरह से जानते हैं. अपने संबोधन के दौरान श्री गांधी ने देश के उद्योगपति अडानी पर भी जमकर निशाने साधे. उन्होंने कहा कि ये श्री मोदी के मित्र हैं और श्री मोदी उनके लिए सब कुछ देना चाहते हैं.

( विस्तृत खबर पेज 12 पर )

### आरएसएस के लोग इस तरह की नहीं चाहते जनगणना

श्री गांधी ने अपने संबोधन के दौरान देश में जातिगत जनगणना का मुद्दा एक बार फिर उठाया और कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग इस तरह की जनगणना नहीं चाहते हैं. मोदी सरकार ने कांग्रेस के दबाव में जातिगत आधार पर जनगणना का फैसला लिया है, लेकिन वे इसकी खानापूर्ति करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि वास्तव में जातिगत जनगणना तेलंगाना मॉडल के आधार पर होना चाहिए. तेलंगाना में वास्तव में लाखों लोगों से चर्चा करके जातिगत जनगणना हुयी है. जबकि बिहार जैसे राज्यों में कुछ लोगों ने कमरे में बैठकर सवाल बना लिए और जनगणना का आधार बना लिया. बिहार जैसी जनगणना नहीं, बल्कि तेलंगाना मॉडल पर ही जनगणना कांग्रेस करवाकर रहेगी. इसके लिए वे और कांग्रेस अंतिम सांस तक लड़ेगी.

### एक नजर में



#### जस्टिस वर्मा पर मुकदमा चलाने की मांग


**नई दिल्ली.** मुंबई के वकीलों के संगठन बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को एक पत्र लिखकर दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है. आरोप है कि जब जस्टिस वर्मा दिल्ली उच्च न्यायालय में कार्यरत थे, उस समय उनके सरकारी आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी. इस विवाद के बाद उनका स्थानांतरण इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर दिया गया.

#### पाक बोला-भारत ने बताया उससे अधिक नुकसान

**इस्लामाबाद.** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था. इस सैन्य अभियान के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया था. इसके अलावा, 11 एयरबेस को भी निशाना बनाया गया था. हालांकि, पाकिस्तान के एक आधिकारिक दस्तावेज में नया खुलासा हुआ है. दरअसल, पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में 'ऑपरेशन बुनयान उन मरसूस' चलाया था.

### गुस्ताखी माफ




### हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : पाटीदार

**अहमदाबाद 03 जून .** पंजाब किंग्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पंजाब किंग्स के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया . टॉस के बाद रजत पाटीदार ने कहा कि पिच कठोर लग रही है .

### पाक से रिश्ते रखने वाले 3 जासूस किए बर्खास्त

**जम्मू, 3 जून.** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राज्य सरकार के 3 कर्मचारियों को आतंकवादी संगठनों से संबंधों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है. यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो सरकार को ऐसे मामलों में जांच के बिना सीधे बर्खास्त करने का अधिकार देता है. जिन कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया था, उनमें मलिक इश्फाक नसीर, जो पुलिस में कांस्टेबल थे, अजाज अहमद, जो स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक थे और वसीम अहमद खान, जो सरकारी मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट थे.

## पाक से जासूसी करने वाला शकूर व गगनदीप गिरफ्तार

**जयपुर, 3 जून. राजस्थान पुलिस की इंटेलिजेंस विंग ने कुछ दिन पहले जैसलमेर से जिस शकूर खान को हिरासत में लिया था. उसके ऊपर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का आरोप है. शकूर खान ने पूछताछ में खुलासा किया है वो पाकिस्तान दूतावास के अफसरों के संपर्क में था.**



शकूर ने जिन अफसरों के नाम बताए हैं उनमें पाकिस्तान दूतावास में कार्यरत अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश और सोहेल कमर मुख्य हैं. ये वही दानिश है जो ज्योति मल्होत्रा के साथ संपर्क में था. वहीं पंजाब पुलिस ने तरनतारन जिले के मोहल्ला रोडूपुर, गली नजर सिंह वाली निवासी गगनदीप सिंह उर्फ गगन को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है.

## इंडिया समूह बोला-संसद सत्र बुलाएं

### 16 दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली, 3 जून. विपक्षी दलों के इंडिया समूह ने पहलगाम हमला, आपरेशन सिंदूर, सैन्य कार्रवाई तथा आतंकवाद को खत्म कर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में देश कितना सफल रहा इन सब मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मंगलवार को मांग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है जिसमें 16 दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किये हैं.**

इंडिया समूह के नेताओं ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद की स्थिति और सांसदों के सात प्रतिनिधि मंडलों को दुनिया के विभिन्न देशों की राजधानियों में भेजकर आतंकवाद पर हम अपना पक्ष रखने में कितना सफल रहे, इसकी जानकारी देश चाहता है. विपक्षी दलों ने कहा कि सांसदों का प्रतिनिधि मंडल लौट रहा है और इसमें दुनिया को समझाने में हम कितना सफल रहे, इस बारे में सारी जानकारी संसद में दी जानी चाहिए. बैठक के बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि गठबंधन के 16 दलों के नेताओं ने बैठक में हिस्सा लिया और पीएम मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र बुलाने की मांग की है. राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई रोकने में अपनी भूमिका को लेकर 15 दिनों में 13 बयान दिए. उनके बयानों से भारत की भावनाएं आहत हुई हैं. जो चिंताजनक है. समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई हुई.

### सेना कर्मियों की कवरेज में गोपनीयता बनाए रखना जरूरी

**नयी दिल्ली, 03 जून.** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को मीडिया को आगाह किया कि वरिष्ठ सशस्त्र बल कर्मियों और उनके परिवारों की जरुरत से ज्यादा मीडिया कवरेज से उनकी सुरक्षा को जोखिम हो सकता है, इसलिए उनकी गोपनीयता बनाए रखना जरूरी है. रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय भारतीय सशस्त्र बलों-सेना, नौसेना और वायु सेना की गतिविधियों, उपलब्धियों और बलिदानों को कवर करने में मीडिया की निरंतर रुचि और समर्थन की सराहना करता है.

## अंतरिक्ष और डिजिटल तकनीक पर चर्चा

- ब्रिक्स सम्मेलन में भारत ने दोहराई अपनी प्रतिबद्धता
- आधार से यूपीआई तक की उपलब्धियां की रेखांकित

**नई दिल्ली, 3 जून. भारत ने ब्राजील में आयोजित संचार मंत्रियों की बहुपक्षीय बैठक में ब्रिक्स देशों के साथ लंबे समय से चली आ रही कूटनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है.**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने ब्राजील में 11वीं



ब्रिक्स संचार मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए आधार से यूपीआई तक की डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) की उपलब्धियों को रेखांकित किया, जो अब समावेशी तकनीकी विकास के लिए वैश्विक मॉडल बन चुका है. उन्होंने सोमवार को ब्रासीलिया में आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चार प्रमुख क्षेत्रों, यूनिवर्सल और सार्थक कनेक्टिविटी, अंतरिक्ष और पर्यावरणीय स्थिरता और डिजिटल इकोसिस्टम में भारत की प्रगति को साझा किया.


## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक आज — मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाएगी

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बैठक में हो सकते हैं अहम फैसले

**नई दिल्ली, 3 जून. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को केंद्रीय मंत्री परिषद की अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगे. यह बैठक हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार हो रही है. यह कार्रवाई पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को सटीकता से निशाना बनाया था.**

सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी विस्तृत जानकारी सभी मंत्रियों को दी जा सकती है.

यह बैठक ऐसे समय पर हो रही है जब प्रधानमंत्री मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाने जा रही है. ऐसे में बैठक में सरकार की प्रमुख नीतियों और उपलब्धियों पर भी चर्चा हो सकती है. बताया जा रहा है कि मंत्री परिषद के सदस्य अगले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में भाग लेंगे और देशभर में सरकार की



उपलब्धियों को लेकर संवाद करेंगे. इसी को ध्यान में रखते हुए शासन के मुख्य बिंदुओं को रेखांकित किया जाएगा.

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हालिया भाषणों में दिए गए संदेशों पर भी बात कर सकते हैं, जिसमें उन्होंने यह भी कहा था कि भारत अब आतंकवादी गतिविधियों को केवल सहन नहीं करेगा, बल्कि जवाबी कार्रवाई करेगा. इसी बैठक के दौरान उन भारतीय सांसदों और राजनयिकों से फीडबैक भी लिए जाने की उम्मीद है, जो पिछले 10 दिनों में दुनिया के 33 देशों की यात्रा पर गए थे.

### पीएम मोदी चिनाब ब्रिज का उद्घाटन 6 को करेंगे

**नई दिल्ली, 3 जून.** जम्मू-कश्मीर के लोगों को दो दशक के इंतजार के बाद दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज मिलने जा रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 जून को चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर यह जानकारी साझा की है. केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज, शक्तिशाली चिनाब ब्रिज, जम्मू और कश्मीर में ऊंचा खड़ा है. उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लिंक का हिस्सा. प्रकृति की सबसे कठिन परीक्षाओं को झेलने के लिए बनाया गया. यह ब्रिज जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में स्थित है. इस परियोजना को वर्ष 2003 में मंजूरी दी गई थी. विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब नदी पर 359 मीटर ( 1,178 फीट ) की ऊंचाई पर बना है, जो पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है.

### आईआरएस सिंघल करोड़ों की रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 3 जून.** सीबीआई ने रिश्वतखोरी के गंभीर आरोपों में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अमित कुमार सिंघल और एक बिचौलिए हर्ष कोटक को गिरफ्तार किया है. सिंघल पर अपने पूर्व व्यापार साझेदार सनम कपूर को ब्लैकमेल कर 45 लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है. सीबीआई ने सिंघल के चंडीगढ़ स्थित सेक्टर-21 में बिचौलिए और मोहाली फेज-7 सहित दिल्ली में स्थित आवास पर छापेमारी कर साढ़े तीन किलोग्राम सोना, दो किलोग्राम चांदी और एक करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं.